॥ श्री हरिः ॥

# सन्मार्ग





॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तु रुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तु चन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः ॥

बर्दवान, शुक्रवार 5 मई 2023

हुगली, हल्दिया, खड़गपुर, बर्दवान, रानीगंज, आसनसोल, बीरभूम, बांकुड़ा




मानकर के निकट तेज आंधी बारिश के कारण पेड़ गिरने से बिजली विभाग के एक अधिकारी घायल हो गया।

# डीपीएस आसनसोल में 'स्मारक पट्टिका अनावरण' कार्यक्रम का आयोजन




स्मारक चित्र पट्टिका का अनावरण करते प्रतीक गोयनका

सन्मार्ग संवाददाता

**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) के पूर्व प्रो. वायस चेयरमैन स्वर्गीय रमेश गोयनका की स्मृति में उनकी 'स्मारक चित्र पट्टिका' का अनावरण गुरुवार को किया गया। इस मौके पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी गयी। चित्र पट्टिका का अनावरण वर्तमान प्रो. वायस चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने किया। कार्यक्रम में प्रो. वायस चेयरमैन प्रतीक गोयनका, संयोजिका दीप्ति घोष, समस्त अध्यापक, कार्यालय कार्यकर्ता तथा छात्रों ने शिरकत की। सभी ने स्व. रमेश गोयनका को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प दोहराया। मौके पर प्रतीक गोयनका ने अपने सम्बोधन में नश्वर संसार की क्षण भंगुरता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अपने माता–पिता का सदैव आदर और सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनसे बढ़कर हमारा शुभचिंतक कोई नहीं हो सकता।